Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to help the Self Help Groups of women in Chhattisgarh.

श्री अरुण साव (बिलासपुर): अध्यक्ष जी, देश में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद नारी सम्मान और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व काम हुए हैं चाहे वह तीन तलाक का मामला हो, चाहे हर घर में शौचालय निर्माण का मामला हो, चाहे हर घर में रसोई गैस कनेक्शन देने का मामला हो या राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जुड़े हुए 73 लाख महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई आठ करोड़ महिलाओं को आजीविका प्रदान कर उन्हें सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने का मामला हो, परन्तु छत्तीसगढ़ सरकार ने 26 नवम्बर, 2021 को एक आदेश जारी करके 21 हजार से अधिक स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं की आजीविका को छीनने का काम, उन्हें कमजोर बनाने का काम किया है । आपके माध्यम से मैं आग्रह करता हूं कि सरकार इस पर संज्ञान ले और महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में जो काम हो रहे हैं, उन्हें आगे बढ़ाए ।